सर्दी में दी राहत; आरएएस प्री परीक्षा दोपहर 12 बजे से होगी

36 जिलों में 6 दिसंबर को 607 पदों के लिए परीक्षा

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की आरएएस प्रारंभिक परीक्षा इस बार दोपहर 12 से 3 बजे तक होगी। 6 दिसंबर को होने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2026 के लिए आयोग ने यह समय निर्धारित किया है। इससे दिसंबर की सर्दी में दूर-दराज के जिलों से आने वाले अभ्यर्थियों को सुबह जल्दी घर से निकलने की जरूरत नहीं होगी। आरएएस-2026 में 607 पद हैं। इनमें राज्य सेवा के 192 और अधीनस्थ सेवा के 415 पद शामिल हैं।

प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे। मुख्य परीक्षा 1 और 2 मई 2027 को प्रस्तावित है। आयोग की प्रतियोगी परीक्षाएं आमतौर पर सुबह 9 बजे से शुरू होती हैं। कुछ परीक्षाएं 11 बजे से भी हुई हैं। दिसंबर के पहले सप्ताह में प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह कड़ाके की सर्दी पड़ती है। आरएएस प्री के लिए दोपहर 12 बजे का समय तय होने से दूसरे शहरों में केंद्र पाने वाले अभ्यर्थियों को सुबह जल्दी यात्रा शुरू नहीं करनी पड़ेगी। आयोग अजमेर सहित प्रदेश के 36 जिलों में परीक्षा कराएगा। सभी जिला कलेक्टरों से परीक्षा केंद्रों की सूची मिल गई है।

प्रारंभिक तैयारियों के अनुसार 1500 से ज्यादा केंद्र बनाए गए हैं। अजमेर के अलावा जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, भरतपुर, कोटा, सीकर, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा और नागौर सहित 36 जिलों में परीक्षा होगी।

शहर 7 दिन और प्रवेश पत्र 3 दिन पहले मिलेंगे

आरपीएससी के सचिव के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा शहर की जानकारी परीक्षा से 7 दिन पहले जारी की जाएगी। इससे दूसरे जिलों में केंद्र मिलने वाले अभ्यर्थी यात्रा और ठहरने की व्यवस्था पहले कर सकेंगे। परीक्षा केंद्र का पूरा पता प्रवेश पत्र में दिया जाएगा। प्रवेश पत्र परीक्षा से 3 दिन पहले जारी होंगे।